Title : Need to review the National Capital Territory Porject to ensure alround development of adjoining areas specially Alwar in Rajasthan - Laid.

डॉ0 जसवंतसिंह यादव (अलवर): मान्यवर, सरकार ने दिल्ली की जनसंख्या को सीमावर्ती क्षेत्रों में विस्थापित करने हेतु लगभग दो दशक पूर्व राट्रीय राजधानी क्षेत्र परियोजना का शुभारंभ किया था। राजस्थान के अलवर जिले को भी इस परियोजना में शामिल किया गया था। इस परियोजना के तहत जिले में महानगरीय स्तर की सभी सुविधाएं मुहैया कराने के साथ यहां के सामाजिक एवं आर्थिक परिदृश्य में बदलाव करना था। दो दशक के अंतराल के बाद भी अलवर की जनता विकास की बाट जोह रही है। जो मूलभूत सुविधाएं इस परियोजना के अंतर्गत दी जानी थीं वह अभी तक नहीं दी गयी हैं, जिससे अलवर में विकास की गति धीमी चल रही है। अतः मेरा सरकार से अनुरोध है कि इस परियोजना की समीक्षा की जाए तथा वह सभी मूलभूत सुविधाएं अलवर जिले को मुहैया करवायी जाएं जो राट्रीय राजधानी क्षेत्र परियोजना के उद्देश्यों में निहित हैं।